नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में नया शहर बसाने की रूपरेखा तय

तीन आईएएस और चार पीसीएस अधिकारी के हाथों रहेगी प्राधिकरण की कमान

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। नोएडा की तर्ज पर झांसी के पास बसने जा रहे बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन का रास्ता साफ हो गया है। तीन आईएएस और चार पीसीएस अधिकारी के हाथों प्राधिकरण की कमान रहेगी। एक शहर बसाने के लिए जरूरी चीफ टाउन प्लानर से लेकर उद्यान अधिकारी तक प्राधिकरण में होंगे। अलग-अलग फील्ड के विशेषज्ञों की भर्ती की जाएगी। बीडा का आकार नोएडा से भी बड़ा होगा।

प्रशासन व सामान्य कामकाज का जिम्मा 41 अधिकारी व कर्मचारी उठाएंगे

उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम के तहत पिछले साल 14 सितंबर को बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण का गठन किया गया था। नई औद्योगिक टाउनशिप के लिए भारी संख्या में पद सृजित किए गए हैं। प्राधिकरण में एक सीईओ, दो एसीईओ और चार विशेष कार्याधिकारी होंगे। सीईओ और एसीईओ के लिए आईएएस की नियुक्ति होगी, जबकि विशेष कार्याधिकारी के लिए पीसीएस संवर्ग से चयन किया जाएगा। इंजीनियरिंग विभाग में तमाम भर्तियां होंगी। एक चीफ जनरल मैनेजर, दो जीएम, चार डीजीएम के अलावा 180 नए पद होंगे। नियोजन में 43 पद सृजित किए गए हैं।

प्रशासन व सामान्य कामकाज का जिम्मा 41 अधिकारी व कर्मचारी उठाएंगे। वित्त के लिए 124 पदों का सृजन किया गया है। हरियाली के लिए 46 पद होंगे। लीगल मामलों में 19 और कम्प्यूटर में 27 पद रखे गए हैं। स्वास्थ्य में 24 और मिनिस्ट्रीयल कैडर के 219 पद हैं। इसके अलावा जेसीबी ऑपरेटर और बुलडोजर ऑपरेटर के लिए भी तीन पद हैं। तकनीकी स्टाफ के 179 और निजी स्टाफ के 69 पद रखे गए हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न श्रेणी के 32 अन्य पद हैं। ये भर्तियां चरणबद्ध रूप से की जाएंगी। सीधी भर्ती के बाद पदोन्नति के पदों पर भर्ती की जाएगी।